# Supraneet Finance and Consultants Limited
**Regd. Office: C-55/2, Wazirpur Industrial Area, Delhi-110 052**
**Ph. : 011-42952500, Fax.: 011-42952555/27377373,**
**E-Mail: info@sfclindia.com,**
**Website: www.sfclindia.com, CIN: L65921DL1989PLC035261**

1st August, 2020

**Metropolitan Stock Exchange India Limited.**
**4th Floor, Vibgyor Towers,**
**Plot No. C-62, Opp. Trident Hotel,**
**Bandra Kurla Complex, Bandra East,**
**Mumbai – 400098**

**Sub.: Submission of copy of Newspaper publications –Audited financial results for the Quarter/Year ended 31st March, 2020**

Dear Sir,

In compliance with Regulation 47(3) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are submitting the copy of audited financial results of our Company for the quarter / year ended 31st March, 2020, published in the following Newspapers:

1. The Pioneer (English newspaper)

2. Veer Arjun (Hindi Newspaper)

Kindly note that the above results were approved by the Board of Directors at their meeting held on 31st July, 2020 and the financial results was submitted to the Stock Exchanges on the same day.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Supraneet Finance and Consultants Ltd**

SUPRANEET FINANCE AND CONSULTANTS LIMITED
DELHI

**Deepti Jain**
**Company Secretary**

# दिल्ली में सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, एक गिरफ्तार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में तेज रफ्तार से आ रही कैंटर की चपेट में आने से साइकिल सवार 23 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।यह घटना बुधवार को हुई थी।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की लोनी निवासी बेबी के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार बेबी के पति प्रिंस कुमार (25) ने दुर्घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार, वह बुधवार को अपनी पत्नी के साथ सदर बाजार से घर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रही कैंटर ने रात 12 बजे के आसपास उनकी साइकिल को टक्कर मार दी और दंपति सड़क पर गिर गए। कैंटर चालक दंपति की हालत देखने के लिए रुका।

उन्होंने कहा कि बेबी को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस आयुक्त(उत्तर) मोनिका भारद्वाज ने कहा, सिविल लाइन्स थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 279 और 304 अ के तहत एक मामला दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान ओखला के अबू फजल निवासी साबिर (51) के रूप में हुई है।

# चोरी के मामले में दो किशोर सहित तीन गिरफ्तार

## चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नोएडा। थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शुक्रवार दो किशोरों सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद किये। इन चोरों ने नोएडा के कई जगह से दर्जनों मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी करना स्वीकार किया है। दोनों किशोर इससे पूर्व भी पकड़े जा चुके हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में एक सूचना के आधार पर सेक्टर 45 के पास से मुकेश कुमार तथा दो किशोरों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने नोएडा के विभिन्न जगहों से चोरी किए हुए 10 मोबाइल फोन बरामद किये। एसीपी ने बताया कि ये लोग नोएडा में रहने वाले लोगों के घरों से उस समय चोरी करते हैं, जब वे सुबह के समय अपने घर का दरवाजा खोलकर सो रहे होते हैं।

# कोविड-19 के समय में शिक्षा-चुनौतियां एंव अवसर पर परिचर्चा सत्र का आयोजन

**वीर अर्जुन संवाददाता**




नोएडा। छात्रों को कोविड 19 महामारी के समय शिक्षा के क्षेत्र में आ रही चुनौतियां एंव अवसरों की जानकारी प्रदान करने के साथ कोविड के उपरांत विश्व को आकार देने में विश्वविद्यालयों की भूमिका क्या हो सकती है इस विषय पर आधारित परिचर्चा सत्र का आयोजन एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल द्वारा किया गया। इस परिचर्चा सत्र में आस्ट्रेलिया के डेक्कीन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो इयेन मार्टिन, बांग्लादेश स्थित अमेरिकन इंटरनेशनल विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा(श्रीमती) कारमेन जेड लामागना, रशिया के नोवोसिबिरस्क स्टेट यूनिवर्सीटी ऑफ इकोनॉमिक एंड मैनजमेंट के प्रथम वाइस रेक्टर डा पावेल नोवगोरोडोव एंव ताइवान के नेशनल टिसिंग हुआ विश्वविद्यालय के लाइफ सांइस विभाग के प्रो चुआन चिन चिआओ ने अपने विचार व्यक्त कियें। इस अवसर पर एमिटी गुरप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ।

आस्ट्रेलिया के डेक्कीन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो इयेन मार्टिन ने संबोधित करते हुए कहा कि वे पिछले कुछ माह से भविष्य में होने वाले शिक्षण पर विचार कर रहे है। ऑनलाइन शिक्षण ने उन्हे आभास कराया है कि शिक्षा शास्त्र एंव गुणवत्ता पूर्ण साम्रगी को इसके माध्यम से छात्रों को प्रदान किया जा सकता है। प्रो मार्टिन ने कहा कि कोई भी पूरी तरह से ब्रिक एंव मोर्टार मॉडल को प्रतिस्थापित नही कर सकता है लेकिन आने वाला समय हाईब्रिड मॉडल ऑफ एजुकेशन का होगा। आने वाले वक्त में हमें शिक्षा के डिजाइन, शिक्षण साम्रगी और सुरक्षित मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देना होगा। पाठयक्रम का डिजिटल सहयोग ही भविष्य होगा। डा मार्टिन ने कहा कि बुनियादी उददेश्य अभी भी शिक्षा की समझ, रचनात्मकता और ज्ञान का प्रसार है लेकिन इसे कैसे लागू किया जाता है यह बदल जायेगा। बांग्लादेश स्थित अमेरिकन इंटरनेशनल विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा (श्रीमती) कारमेन जेड लामागना ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि इस महामारी के कारण सबकुछ पहले जैसा नही रह गया है और इसने शिक्षा की कमजोरियों को उजागर किया है। प्रारंभ में बंग्लादेश मे शिक्षण संस्थानो को बंद करने से इनकार किया गया था हांलाकि उनका विश्वविद्यालय मात्र चार दिनों में शिक्षण को ऑनलाइन संचालित करने में संक्षम था। उन्होनें कहा कि मिश्रित एंव हाईब्रिड शिक्षा भविष्य है और उनका विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में लगातार सर्वश्रेष्ठ ऑनलाइन उपकरण का प्रयोग कर रहा है। परिवर्तन इस तरह से हो रहा है कि यह शिक्षक एंव छात्रों दोनो के लिए सीखने एंव समझने का वक्त है। भविष्य के विकास के लिए ऑनलाइन शिक्षण आवश्यक है।

# स्कूलों की परेशानियों को जानेगा सीबीएसई

फरीदाबाद, (वीअ)। आनलाइन शिक्षा के तहत स्कूल प्रबंधन को हो रही परेशानियों को जानने और उनके समाधान के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सर्वे शुरू किया है। इसके तहत स्कूलों से सवालों के जवाब आनलाइन गूगल फार्म पर मांगे गए है। इस आधार पर भविष्य में आनलाइन शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कार्य होगा। मार्च से ही शिक्षण संस्थान बंद हैं। नए सत्र में छात्रों की शिक्षा जारी रखने के लिए आनलाइन पढ़ाई हो रही है। ऐसे में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामने कई तरह की परेशानी आ रही है। सर्वे में स्कूलों को बताना होगा कि लाकडाउन के बाद स्कूली शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा है। कैसी चुनौतियां सामने आ रही है और इन्हें बेहतर बनाने को क्या हो सकता है। इन सुझावों और इनपुट पर आगे के लिए नीति तय होगी। विद्या मंदिर स्कूल प्रधानाचार्य आनंद गुप्ता ने बताया कि आदेशानुसार फार्म के जरिए विचार बोर्ड को भेजे जाएंगे।

# तबलीगी जमात : विदेशी नागरिकों की याचिकाओं पर उच्च न्यायालय ने केंद्र, पुलिस से जवाब मांगा

नई दिल्ली, (विसं)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तबलीगी जमात कार्यक्रम में हिस्सा लेने के संबंध में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के अनुरोध वाली 24 विदेशी नागरिकों की याचिकाओं पर शुक्रवार को केंद्र और पुलिस से जवाब देने को कहा।

इन विदेशी नागरिकों पर देश में कोविड-19 के मद्देनजर जारी सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर राष्ट्रीय राजधानी में निजामुद्दीन स्थित मरकज में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने और वीजा नियमों का उल्लंघन कर मिशनरी कार्य में शामिल होने का आरोप है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनुज जयराम भंभानी ने केंद्र और दिल्ली पुलिस से अगली सुनवाई की तारीख 10 अगस्त से पहले इस मामले में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

अदालत को सूचित किया गया कि दो अलग अलग याचिकाएं दायर करने वाले इन 24 विदेशी नागरिकों ने इस मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा दर्ज प्राथमिकी में पहले ही अपना जुर्म कुबूल कर लिया है और प्ली बारगेन के प्रावधानों के अंतर्गत कम सजा की गुहार लगायी है।

विदेशी नागरिकों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि कोविड-19 लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन करने के मामूली अपराध को स्वीकार करने और जुर्माने का भुगतान करने के बाद इन्हें मुक्त करने की अनुमति दी गई थी।

उन्होंने कहा कि हालांकि, सीलमपुर पुलिस थाने में दर्ज अन्य प्राथमिकियों के कारण वे वापस अपने देश लौटने में समर्थ नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी दिल्ली के स्पेशल स्टाफ ने अरेस्ट किए मादक पदार्थों के दो सप्लायर

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम ने मादक पदार्थों के दो सप्लायरों को अरेस्ट किया है। इनकी पहचान इंदिरा कैंप, दिल्ली निवासी रईस और शकील मियां के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से बढ़िया क्वालिटी का 24.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह देखने में आया था कि लूट और स्नैचिंग के कई आरोपी नशे के आदी थे। इसे ध्यान में रखते हुए मादक पदार्थों के सप्लायरों को पकड़ने के लिए एसीपी मधु विहार विजय कुमार के सुपरविजन और इंस्पेक्टर सतेन्द्र खारी के नेतृत्व में एसआई आरएन पाठक, सुदेश राणा, एएसआई शैलेश, नीरज, अमित कुमार, प्रमोद, जोगिन्दर ढाका, बख्शीश, प्रमोद, ऋषि पाल हैड कांस्टेबल मोहम्मद तालीम, कैलाश, महेन्द्र कांस्टेबल भवानी सिंह, संजय और यूनुस परवेज की एक टीम गठित की। इसी टीम के एएसआई अमित कुमार को आरोपियों के बारे में एक सीक्रेट इनपुट मिला। इसी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट कर उनके पास से 24.5 किलोग्राम बढ़िया क्वालिटी का गांजा बरामद कर लिया।

### पशु क्रूरता के आरोप में 3 पर मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा, (वीअ)। दनकौर क्षेत्र के जगनपुर गांव के नजदीक शुक्रवार शाम पशुओं को ले जाते वक़्त एक पिकअप गाड़ी को राहगीरों ने रुकवा लिया। इस दौरान पशु को ले जा रहे लोगों की पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने पशु क्रूरता के आरोप में 3 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ऊंची दनकौर निवासी प्रवीण कुमार ने कोतवाली दनकौर में शिकायत देकर बताया कि शुक्रवार को एक पिकअप गाड़ी में कुछ पशुओं को जबरन भरा हुआ था। शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी अपने अन्य साथियों को दी और गाड़ी का पीछा करते हुए जगनपुर गांव के नजदीक उसे रोक लिया। बताया जाता है कि इस दौरान पिकअप चालक उत्तम सिंह निवासी आगरा एवं बिलासपुर कस्बा निवासी मोसीम और रिजवान की जमकर पिटाई की गई। जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि प्रवीण कुमार की शिकायत के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### प्रेमिका ने किया आत्महत्या का प्रयास

ग्रेटर नोएडा, (वीअ)। दनकौरक्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी को उसके पिता द्वारा अपने घर ले जाने के विरोध में जमकर हंगामा किया। साथ ही उसने आत्महत्या का भी प्रयास किया। मामला इतना बढ़ गया कि लोगों को स्थानीय पुलिस को सूचना देनी पड़ी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमिका आत्महत्या करने से बचाया। बताया जाता है कि आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला के पति की करीब 5 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। जो गांव में ही अकेली रहती है। आरोप है कि क्षेत्र के एक गांव का रहने वाले युवक से उसका प्रेम प्रसंग है। जिसके चलते युवक उसके घर में रहता है। जिसको लेकर आसपास के लोग और उसके प्रेमी के परिजन भी विरोध करते हैं। उसके बावजूद भी प्रेमी उससे मिलने उसके घर आए दिन पहुंच जाता है। गुरुवार की देर शाम प्रेमी का पिता अचानक वहां पहुंच गया। जहां दोनों को उसने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिसके बाद प्रेमिका ने जानबूझकर घर में चोर घुस आने कब आना बनाकर मोहल्ले में शोर मचा दिया। जिसके बाद आसपास के लोग उसके घर में पहुंच गए।

# पंचर गिरोह ने कारोबारी की कार से उड़ाए 1.17 लाख रुपए

**वीर अर्जुन संवाददाता**

फरीदाबाद। टायर पंचर गिरोह पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही। इस गिरोह ने डबुआ क्षेत्र में कारोबारी की कार से 1.17 लाख रुपयों का बैग उड़ाकर साल की छठी वारदात को अंजाम दिया है। सेक्टर-7 ई निवासी कारोबारी सुनील खंडूजा इस गिरोह के छठे शिकार बने। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि सुनील खंडूजा की सरूरपुर में फैक्ट्री है। दोपहर करीब डेढ़ बजे वे अपनी फार्चुनर कार में फैक्ट्री से गुरुग्राम जा रहे थे। गांव भांखरी के पास उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया।

सैनिक कालोनी पुलिस चौकी के पास वे टायर में पंक्चर लगवाने के लिए रुके। जब वापस कार में बैठे, तो पाया कि चालक के साथ वाली सीट पर रखा बैग गायब था। बैग में 1.17 लाख रुपये व जरूरी कागजात थे।

**टायर पंक्चर गिरोह के निशाने पर लग्जरी कारें**

लग्जरी कारों में ड्राइवर के साथ या पिछली वाली सीट पर रखा बैग पंक्चर गिरोह के निशाने पर होता है। ये बदमाश मोटरसाइकिल या स्कूटी पर चलते हैं। चलती कार के टायर में किसी नुकीले औजार से पंक्चर कर चालक को रुकने के लिए विवश कर देते हैं। रुककर जैसे ही चालक स्टेपनी बदलना शुरू करता है, ये बदमाश कार में रखा बैग उड़ाकर रफूचक्कर हो जाते हैं। बोनट पर काला तेल फेंककर भी ये वारदात करते हैं।

**क्या कहती है पुलिस प्रवक्ता**

पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव का कहना है कि हमारी टीमें इनके पीछे लगी हैं। जल्द मामले सुलझा लिए जाएंगे। कार चालकों को सावधान रहने की जरूरत है। अगर कार का टायर पंक्चर हो जाता है, तो आबादी के आसपास रुकें। टायर बदलते वक्त कार लाक कर दें। चलते वक्त कार में बैग ऐसी जगह रखें कि बाहर से नहीं दिखे।

# सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी की इमारत का एक हिस्सा ढहा, दो की मौत

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा शहर में शुक्रवार को सोलर पैनल बनाने वाली एक कंपनी की इमारत का अगला हिस्सा अचानक गिरने से उसमें दब कर कम से कम दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस आयुक्त श्रीपर्णा गांगुली ने बताया कि सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-11 में स्थित सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी शक्ति टेक्नोफैब प्रोडक्ट औद्योगिक भवन की एक इमारत का अगला हिस्सा आज शाम करीब साढे सात बजे अचानक गिर गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में जयनेंद्र ठाकुर, गोपी और राहुल सहित चार मजदूर दब गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमों ने करीब डेढ घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में फंसे चार मजदूरों को बाहर निकाला।

गांगुली ने बताया कि चारों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जयनेंद्र ठाकुर और गोपी को मृत घोषित कर दिया, वहीं अन्य दो मजदूरों की हालत भी नाजुक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्वाई की जायेगी है।

# फरीदाबाद से गुरुग्राम को जोड़ने वाली मेट्रो रेल रूट का सर्वे दोबारा करवाना हरियाणा सरकार का धन्यवाद : धनखड़

**सुनील शर्मा**



प्रेम सिंह धनखड़

फरीदाबाद। फरीदाबाद से गुरुग्राम को जोड़ने वाली मेट्रो रेल रूट का सर्वे एक बार फिर होगा यह विशेषकर एन आई टी फरीदाबाद-86 विधानसभा, बल्लबगढ़-88 विधानसभा, बड़खल विधानसभा-87 के लोगों के लिए रक्षा बंधन के मौके पर हरियाणा सरकार का एक नया तोहफा है। यह बात जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह धनखड़ ने कही।

जजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह धनखड़ ने इस तोहफे के लिए हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यन्त चौटाला जी व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक का भी धन्यवाद किया है। याद रहे जजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह धनखड़ ने भी हरियाणा सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यन्त चौटाला जी व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक को ईमेल के द्वारा एक पत्र लिखा था जिसमें तीसरे रुट से मेट्रो रेल की डीपीआर से हरियाणा सरकार व फरीदाबाद के लोगों को होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया था। धनखड़ ने हरियाणा सरकार से अनुरोध किया कि फरीदाबाद से गुरुग्राम मेट्रो रेल का नया रूट बाटा चौक से प्याली चौक, प्याली चौक से नेहरू एनक्लेव / कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी तथा बड़खल एनक्लेव होते हुए सीधा गुरुग्राम तक बनाया जाना चाहिए जिससे प्रोजेक्ट की लागत भी 1000 करोड़ रुपये कम आएगी तथा यह रुट एन. आई. टी. विधानसभा-86, बल्लबगढ़ विधानसभा-88 का उत्तरी भाग, बड़खल विधानसभा-87 में रहने वाले सभी लोगों के लिए फायदेमन्द है जो कॉलोनियों, स्लम बस्तियों, हुड्डा सेक्टरों तथा गांवों में बसा हुआ क्षेत्र है तथा इस रूट से एन. आई. टी. विधानसभा-86, बल्लबगढ़ विधसनसभा-88 व बड़खल विधानसभा-87 में पड़ने वाले सभी गांव के लोगों को भी फायदा होगा। इसी क्षेत्र में रहने वाले ज्यादातर लोग ही गुरुग्राम, मानेसर में स्थापित कारखानों व कार्यालयों में कार्य करते हैं तथा हर रोज सफर करते हैं।

# वर्कशॉप से सात लाख का माल कर्मचारियों ने चुराया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

फरीदाबाद, (वीअ)। सेक्टर-18 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक कारोबारी के वर्कशॉप से करीब सात लाख रुपये का माल उसके कर्मचारियों ने ही चुरा लिया। इसकी शिकायत कारोबारी ने खेड़ीपुल थाना में दर्ज कराई है। आरोपियों की करतूत वर्कशॉप में लगी सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई है। इस मामले में शिकायत के 14 दिन बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की है। पीड़ित वर्कशॉप कारोबारी राजेश प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि खेड़ीपुल थाना क्षेत्र के इंद्रा कांप्लेक्स में गुरुकृपा के नाम से कपड़े धुलाई की वर्कशॉप है। इस वर्कशॉप में उन्होंने कर्मचारी बदन सिंह व उसके भाई नील व छोटू को भी काम के लिए रखा था। ये लोग राजकुमार ठेकेदार के कहने पर रखे गए थे। ये लोग वर्कशॉप में ही रहते भी थे। आरोप है कि 17 जुलाई को वर्कशॉप से करीब 2500 जींस पैंट बदन सिंह व उसके दोनों भाइयों ने मिल कर चोरी कर ली।

**Public Notice**

It is notify for the information that my original qualifying Examination certificate main Secondary Examination of year 2017 and Roll No. 8188991 issued by CBSE has been actually lost. Ananya Gupta D/o Manoj Kumar, Address 56, Sector-9, Amba Enclave, Rohini-110089 Mobile No. 9810436384.

**Public Notice**

It is informed to the general public that my client Smt. Jahan Ara W/o Late Mohd. Tayyab R/o H. No. 296, Block-15, Trilok puri, New Delhi do hereby disown her son namely Mohd. Numan S/o Late Mohd. Tayyab R/o H. No. 296, Block-15, Trilok puri, New Delhi from all her immoveable and moveable properties. My clients also severe all her relation from Mohd. Numan Neither my clients nor any of her other family members shall be responsible for any of his act, deeds or things of him above said and mohd. Numan shall be responsible himself for his acts and deeds. **Abdul Satter, Advocate, Ch. No. 419, Saket Courts, New Delhi-110017.**

**Public Notice**

Know all men that my clients Sh. Sanjay Das S/o Late Sh. Sangi Lal & Smt. Roshni W/o Sh. Sanjay Das both R/o H. No. 808, Old No. 194/5-A/13, G/F, Gali No. 15, Bhola Nath Nagar, Shahdara, Delhi-110032 have debarred and disinherited their real daughter Sonam from their all moveable and immoveable properties as she is disobedient, disrespectful to my clients and other family members and has married at her own by leaving the house. If anybody deals with her in future, he/she shall do so entirely at his/her risk, consequences and responsibility and my clients shall not be held responsible for the same.

**Radhey Lal Sharma, Advocate, Chamber No. F-316, Lawyers Chamber Block, Karkardooma Court, Delhi-110032.**

**सुप्रानीट फाइनेंस एंड कंसल्टेंट्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: सी-55/2, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110052

फोन 011-42952500 फैक्स 011-42952555

ई-मेल: info@sfclindia.com, वेबसाइट: www.sfclindia.com

CIN : L65921DL1989PLC035261

**31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों से सारांश** (रु. लाख में)

| विवरण | 31.03.2020 को समाप्त तिमाही | 31.12.2019 को समाप्त पिछली समाप्त तिमाही | 31.03.2019 को समाप्त पिछले वर्ष में समाप्त संगत तिमाही | 31.03.2020 को समाप्त वर्ष | 31.03.2019 को समाप्त पिछला वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (निवल) | 8.76 | 7.92 | 7.75 | 32.37 | 32.20 |
| कर पश्चात सामान्य कार्यकलापों से निवल लाभ/(हानि) | 2.48 | 0.48 | 5.67 | 4.45 | 0.30 |
| कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) ( अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 2.48 | 0.48 | 5.67 | 4.45 | 0.30 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 287.67 | 287.67 | 287.67 | 287.67 | 287.67 |
| आरक्षित (पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाये गये अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर आरक्षित) | - | - | - | - | 66.16 |
| प्रति शेयर अर्जन (अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) (रु. 10/- प्रत्येक) | | | | | |
| मूल एवं तनुकृत | 0.09 | 0.02 | 0.20 | 0.15 | 0.01 |
| प्रति शेयर अर्जन (अतिविशिष्ट मदों के बाद) (रु. 10/- प्रत्येक) | | | | | |
| मूल एवं तनुकृत | 0.09 | 0.02 | 0.20 | 0.15 | 0.01 |

**टिप्पणी:**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा एवं अनुशंसा की गई है और 31.07.2020 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियम, 2015 (एंड एएस), सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 क विनियम 33 और अन्य लेखाकरण सिद्धांतों एवं वर्तमान में लागू नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. वर्तमान तिमाही (अर्थात् 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही और संगत पिछला वर्ष (अर्थात् 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही) के आंकड़ें पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्षों की तीसरी तिमाही की समाप्ति तक प्रकाशित वर्ष की तिथि तक आंकड़ों के बीच तुलनात्मक आंकड़ें है जो सीमित समीक्षा के अधीन हैं।
4. कम्पनी को 31.03.2020 को समाप्त तिमाही के दौरान निवेशकों से कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
5. कम्पनी का व्यवसाय कार्यकलाप एकल प्राइमरी बिजनैस सेगमेंट में आता है इसलिए कोई भी रिपोर्टेबल सेगमेंट नहीं है।
6. कम्पनी ने वर्तमान वर्ष में कराधान नियम (संशोधन) 2019 द्वारा प्रारंभ किये गये अनुसार आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीएए के अधीन 25.17 प्रतिशत (अधिभार एवं उपकर जोड़कर) कम टैक्स का विकल्प चुना है और तद्नुसार इसके प्रभाव की गणना वर्तमान तिमाही के लिए कर व्यय में की जाएगी।
7. तुलनात्मक बनाने के लिए जहां कहीं आवश्यक हुआ संगत अवधि के आंकड़ों को पुन: समूहित/पुन: वर्गीकृत/पुन: व्यवस्थित किया गया है।
8. अधिसूचना सं. डीएनबीआर.007/सीजीएम(सीडीएस)-2015 दिनांक 27 मार्च, 2015 के साथ पठित एनबीएफसी आरबीआई/2014-15/520 डीएनबीआर (पीडी) सीसी नं. 024/03.10.001/2014-15 के लिए संशोधित विनियामक फ्रेमवर्क के संबंध में गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी द्वारा रखरखाव किये गये अपेक्षित अनुसार रुपए दो सौ लाख के निवल स्वामित्व निधि आवश्यकता को पूरा नहीं करने के कारण आरबीआई की धारा 45-1ए (6) के अंतर्गत कम्पनी को जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र आरबीआई द्वारा अपने आदेश दिनांक 28 मई, 2019 द्वारा निरस्त किया गया था जिसके लिए कम्पनी द्वारा अपील दाखिल की गई थी। दाखिल की गई अपील भारतीय रिजर्व बैंक के आदेश दिनांक 2 जून, 2020 की अपीलीय प्राधिकरण द्वारा डिवॉइड की गई है।
9. पूर्व में रिपोर्ट किये गये पूर्व जीएपीपी के संबंध में इंडएएस के अधिग्रहण के कारण ट्रॉजिशन के दौरान निवल लाभ में कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।
10. 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के लेखापरीक्षित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट (www.sfclindia.com) और एमएसईआई की वेबसाइट (www.msei.in) पर उपलब्ध हैं।

**कृते बोर्ड के आदेशानुसार**
**हस्ता./-**
**विनोद गुप्ता**
**(पूर्वकालिक निदेशक)**
**डीआईएन: 00381782**

**स्थान: दिल्ली**
**दिनांक: 31 जुलाई, .2020**

# सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत

नोएडा, (वीअ)। नोएडा के थाना दनकौर क्षेत्र में विवो कंपनी के पास बृहस्पतिवार रात एक होमगार्ड की मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना कासना में तैनात होमगार्ड तेजपाल सिंह (42) बृहस्पतिवार देर रात ड्यूटी खत्म करके मोटरसाइकिल से थाना रबूपुरा क्षेत्र स्थित अपने गांव जा रहे थे। उन्होंने बताया कि विवो कंपनी के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पहुंची थाना दनकौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

फरीदाबाद, (वीअ)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाटा मोड़ पर मिक्सचर मशीन पर बैठे युवक की नीचे गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक शंकर के खिलाप मुकदमा दर्ज कर शव का बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। सेक्टर-3 निवासी पूनम देवी ने थाना सेक्टर-7 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे मजदूरी करते हैं। बृहस्पतिवार को एनआइटी की तरप लैटर डालकर आ रहे थे। ट्रैक्टर के पीछे मिक्सचर मशीन जुड़ी थी। मिक्सचर मशीन पर उनके 28 वर्षीय पति पवन दास बैठे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग, बाटा मोड़ पुल पर ट्रैक्टर की तेज गति होने से पति पवन मशीन से नीचे गिर गए। इससे उनकी मौत हो गई।

# फैक्ट्री में घुसकर लोहे का स्क्रैप चुराने वाला काबू

फरीदाबाद, (वीअ)। नशे की पूर्ति के लिए फैक्ट्री में घुसकर स्क्रैप चुराने वाले एक आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी राजू के रूप में हुई है। आरोपी फिलहाल नंगला एंक्लेव पार्ट-2 में रहता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी ने दो दिन पहले डबुआ थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री में घुसकर 140 किलो लोहे का स्क्रैप चुराया था। मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने जांच की और आरोपी को धर दबोचा।

# गाजियाबाद में दो बच्चों को छत से फेंकने का आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद, (वीअ)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में शुक्रवार को चार मंजिला इमारत की छत से दो बच्चों को कथित रूप से फेंक देने के आरोपी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, सुबह यह घटना घटी जब कवि नगर इलाके में गुलधर रोड पर त्रिभुवन ।नौ। और प्रभुवन ।आठ। नामक दो भाई इस भवन की छत पर पतंग उडा रह थे।

पुलिस के मुताबिक, बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये और उन्हें नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन बच्चों ने पुलिस को बताया कि इस भवन में भूतल पर रहने वाले हरेंद्र नामक व्यक्ति ने उन्हें छत से कथित रूप से फेंक दिया।

पुलिस अधीक्षक (शहर) मनीष मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हरेंद्र के खिलाफ भादसं की धारा 307 ।हत्या की कोशिशा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आत्महत्या करने आई महिला को जीआरपी पुलिस ने बचाया



**ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने आई एक महिला को जीआरपी पुलिस ने बचाया**

**वीर अर्जुन संवाददाता**

ग्रेटर नोएडा। दनकौर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने आई एक महिला को जीआरपी पुलिस ने बचाया है। जिसको बाद में पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया है। दनकौर जीआरपी चौकी इंचार्ज ने बताया कि शुक्रवार की सुबह एक महिला रेलवे ट्रैक के नजदीक घूम रही थी। जहां उसने एक महिला से ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की बात कही। जिसकी सूचना जैसे ही उनको लगी तो वह मौके पर पहुंचकर महिला को समझा कर पुलिस चौकी ले आए। उन्होंने बताया कि महिला मानसिक विक्षिप्त होने के चलते अपना नाम व पता भी नहीं बता पा रही थी। जिसके बाद उन्होंने कई व्हाट्सएप ग्रुप पर महिला की फोटो डाली तो उसकी पहचान रुखसाना निवासी सिकंदराबाद के रूप में हुई। जिसके बाद महिला का पति आसिफ भी वहां पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मानसिक विक्षिप्त होने के चलते गुरुवार रात उनकी पत्नी घर से भटक कर रेलवे स्टेशन पर आ गई थी।